वर्ष 1 - अंक 69
शनिवार 8 फरवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

# तीसरी पुण्य स्मृति

## लता मंगेशकर जी की स्मृति पर पुस्तक विमोचन और सांगीतिक संध्या का आयोजन किया गया





इंदौर बिते कल 6 फरवरी 2025, गुरुवार को इंदौर के गांधी नगर स्थित अभिनव कला समाज में सुर संगीत की मलिका लता मंगेशकर जी की पुण्य स्मृति में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर "बीते जमाने, अन बीते गीत" नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक सुमन चौरसिया एवं भाजपा के नव नियुक्त अध्यक्ष सुमित मिश्रा का शाल उड़ाकर सम्मान किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता और महाराष्ट्र सरकार के अनुसूचित जाति मंत्री धनराज बिर्दा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, मंजूर बैग (अध्यक्ष सर्व धर्म संघ संस्था) और डॉ. जितेंद्र सांखला शामिल थे। सांस्कृतिक संध्या के दौरान "रहे ना रहे हम महका करेंगे" शीर्षक से एक संगीतमय प्रस्तुति आयोजित की गई, जिसे "सारा म्यूजिकल ग्रुप" ने प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति ने लता जी के अमर गीतों के माध्यम से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिनव कला समाज के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने की।आयोजकों में विजय गावड़े, सुमन चौरसिया, राकेश शर्मा, और संजय मंडलोई हर्षवर्धन लाड़ सहित कई अन्य प्रमुख व्यक्तियों



का योगदान रहा। यह आयोजन लता मंगेशकर जी के जीवन और संगीत को समर्पित था और उनकी विरासत को संजोने के प्रति एक भावपूर्ण प्रयास था। कलाकारों ने लता जी की याद में एक से एक प्रस्तुति दी गई।

# शिवपुरी:जहां मिराज गिरा, वहां 10 फीट गड्ढा

## पायलट ने ग्रामीण के फोन से खिंचवाए फोटो, पत्नी को भेजे; अफसरों को दी थी जानकारी

रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)

शिवपुरी में करैरा के एक खेत में गुरुवार दोपहर करीब 2:40 बजे वायुसेना का विमान मिराज 2000 क्रैश हो गया। इसके चंद मिनट पहले दोनों पायलटों ने खुद को इजेक्ट कर लिया। हालांकि, हादसे में वे घायल हो गए। जहां प्लेन गिरा, वहां करीब 10 फीट चौड़ा और एक मीटर गहरा गड्ढा हो गया था। प्लेन से कूदे दोनों पायलट में से एक को स्थानीय ग्रामीण बल्ली परिहार ने सहारा दिया। पायलट ने बल्ली के मोबाइल से ही अफसरों को दुर्घटना की जानकारी दी। पत्नी को फोन किया, फिर हादसे की तस्वीरें भेजीं।

हादसा ग्राम पंचायत भैंसा के सुनेरा गांव में हुआ, जिसकी आबादी एक हजार है। मिराज ने ग्वालियर से उड़ान भरी थी। एयरफोर्स ने हादसे की शुरुआती वजह सिस्टम में खराबी बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं। दैनिक भास्कर की टीम इस पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए मौके पर पहुंची, ग्रामीणों से बात की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, प्लेन में हवा में ही आग लग गई थी। इसके बाद वह खेत में आ गिरा। ग्राफिक्स की मदद से समझिए कैसे हुआ हादसा...

छत पर खाना खाते समय दिखा विमान जब रणजीत टाइम्स के ब्यूरो ऋषि गोस्वामी शिवपुरी के नरवर से लगभग 37 किलोमीटर दूर देरहटा सानी गांव पहुंची। यहां बस्ती के पहले एक खेत में आग जलती हुई दिखाई दे रही थी। टीम खेतों की मेड़ से चलते हुए मुख्य सड़क से लगभग 200 मीटर अंदर उस खेत पर पहुंची, जहां मिराज गिरा था। यहां सेना के जवान मिराज को घेरे खड़े थे। जहां विमान गिरा, वहां से 30 फीट दूर से ही चारों तरफ बैरिकेडिंग की गई थी। उसके अंदर किसी को भी जाने नहीं दिया जा रहा था।

बैरिकेडिंग के बाहर ग्रामीण बैठे हुए थे। इनमें से एक धर्मेंद्र बघेल ने कहा- हमारा घर खेत से सटकर बना है। मैं अपनी छत पर खाना खा रहा था। तभी



प्लेन दिखाई दिया। उसके पिछले हिस्से में आग लगी थी। उसने मेरे मकान के दो फेरे लगाए, फिर दोबारा ऊपर गया। इसके बाद खेत की तरफ जाकर क्रैश हो गया। मैं दौड़कर खेत पर पहुंचा। देखा तो वहां बड़ा गड्ढा हो चुका था। गेहूं की फसल भी जल गई थी। कुछ ही देर में लोग इकट्ठा हो गए। आधे घंटे में पुलिस और दूसरे अधिकारी पहुंच गए। घटना को याद करते हुए धर्मेंद्र की मां सरोज की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने कहा- पायलट को पानी पिलाया, तौलिए से मुंह पोंछा प्लेन से कूदे पायलट को सहारा देने वाले बल्ली परिहार ने कहा- हम नदी किनारे बैठे थे। इसी दौरान धमाके जैसी आवाज आई। फिर दो लोग पैराशूट से नीचे आते दिखाई दिए। देखा तो खेत में प्लेन क्रैश हुआ था। मेरे पास पुलिस वालों का नंबर नहीं था। मैंने ग्वालियर में रहने वाले अपने एक परिचित और छोटे भाई को कॉल कर घटना के बारे में बताया। उन्होंने करैरा और ग्वालियर पुलिस को सूचना दी। इस दौरान मैंने पायलट का सिर अपनी गोदी में रख लिया। पानी पिलाया। तौलिए से उसका मुंह पोंछा। उन्होंने मेरा फोन मांगा। मुझसे अपना फोटो क्लिक कराया। फिर मेरे ही नंबर से अपने अफसरों को कॉल किया। अपने फोटो पत्नी को भेजे। वो मुझसे अपने दूसरे साथी के बारे में पूछ रहे थे। मैंने उनसे कहा- मैं आपको पीठ पर बैठाकर गांव ले चलता हूं, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। वे मुझे बार-बार थैंक्यू कह रहे थे। पहले लगा कि आतंकवादी तो नहीं हैं

ऋषिकेश रावत ने बताया- हम 3-4 लोग पायलट के पास पहुंचे। बैठकर उनसे बातचीत की। पूछा- भैया कहीं लगी तो नहीं? उन्होंने हमसे कहा- नहीं, लगी नहीं है। थोड़ी देर में उनके साथी मौके पर आए और उन्हें ले गए। भगवान की कृपा रही कि प्लेन गांव में नहीं गिरा। बड़ा हादसा टल गया। मकान के दो फेरे लगाए और खेत में जाकर गिरा

प्रत्यक्षदर्शी सतेंद्र रावत ने कहा- मैं अपने साथियों के साथ खड़ा था। तभी जलता हुआ प्लेन नीचे आता दिखा। उसकी पूंछ में आग लगी थी। हमें लगा कि कहीं प्लेन हम पर ही न गिर पड़े, इसलिए हम भागे। कुछ देर बाद वह खेत में गिर गया।

### एयरफोर्स ने दिए हादसे की जांच के आदेश

भारतीय वायु सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा- भारतीय वायुसेना का एक मिराज 2000 विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान सिस्टम में खराबी के कारण शिवपुरी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दोनों पायलट सुरक्षित रूप से बाहर निकल गए। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि मिराज में लगी आग सुबह करीब 7 बजे बुझी। मलबा गर्म होने के कारण अधिकारी इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद एयर फोर्स की टीम मलबे को इकट्ठा करने का काम शुरू करेगी।

एयरफोर्स सूत्रों के अनुसार, विमान में लगी आग पर पानी इसलिए नहीं डाला गया, ताकि कोई सबूत न मिट जाए। तकनीकी टीम को जांच में परेशानी आ सकती है इसलिए प्लेन को ऐसा ही छोड़ दिया गया है। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में बहरेटा सानी गांव के पास एयरफोर्स का टू सीटर फाइटर प्लेन मिराज-2000 क्रैश हो गया। हादसा गुरुवार दोपहर करीब 2.40 बजे हुआ। प्लेन में दो पायलट थे। हादसे से पहले दोनों पायलटों ने खुद को इजेक्ट कर लिया था। दोनों ही सुरक्षित हैं।

# थाना पिछोर पुलिस द्वारा अपराध क्र 419/24 में हत्या के मामले में फरार 10,000/- रुपये का इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया

रणजीत टाइम्स (जगदीश पाल)

दिनांक 01.09.24 को फरियादी पवन घावरी पुत्र सीताराम घावरी उम्र 40 साल निवासी पुरानी गल्ला मंडी बड़ा बाजार पिछोर ने अस्पताल पिछोर पर अपने भाई अजय घावरी व विजय घावरी को आरोपीगण सागर घावरी पुत्र शेर सिंह घावरी, अमर घावरी पुत्र जगदीश घावरी, संतोष घावरी पुत्र लालाराम घावरी, मनीष घावरी पुत्र कल्लू घावरी, सौरभ घावरी पुत्र कल्लू घावरी, राजेन्द्र उर्फ छोटा कल्ला पुत्र शिवकुमार घावरी, कल्लू पुत्र मन्नूलाल घावरी, शेर सिंह पुत्र भद्दू घावरी



सर्वनिवासी गण पुरानी गल्ला मंडी के पास बड़ा बाजार पिछोर के विरुद्ध हत्या करने की रिपोर्ट की थी जिस पर से थाना हाजा पर अपराध क्र 419/24 धारा 103(1),109,115(2),296,191(2),191(3),190, 351(3), 125 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौराने विवेचना प्रकरण के आरोपीगण सागर घावरी पुत्र शेर सिंह घावरी, अमर घावरी पुत्र जगदीश घावरी, संतोष घावरी पुत्र लालाराम घावरी, मनीष घावरी पुत्र कल्लू घावरी, सौरभ घावरी पुत्र कल्लू घावरी, राजेन्द्र उर्फ छोटा कल्ला पुत्र शिवकुमार घावरी को गिरफ्तार किया जा चुका था। प्रकरण में फरार आरोपीगण कल्लू पुत्र मन्नूलाल घावरी, शेर सिंह पुत्र भद्दू घावरी निवासीगण पुरानी गल्ला मंडी के पास बड़ा बाजार पिछोर थाना पिछोर घटना दिनांक से फरार था।

जिन पर पुलिस अधीक्षकशिवपुरी द्वारा 10000-10000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था। विवेचना के दौरान दिनाँक 07.02.25 को थाना प्रभारी पिछोर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त प्रकरण का फरार आरोपी आरोपी कल्लूराम उर्फ कल्लू पुत्र मन्नूलाल घावरी उम्र 59 साल निवासी पुराना गल्ला मण्डी बडा बाजार पिछोर का अलगी तिराहा पर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है उक्त सूचना से पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले, एसडीओपी अनुभाग प्रशान्त शर्मा को अवगत कराया गया। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह मावई व्दारा एसडीओपी अनुभाग पिछोर के मार्गदर्शन में त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना पिछोर के बल के साथ कार्यवाही करते हुए आरोपी कल्लूराम उर्फ कल्लू पुत्र मन्नूलाल घावरी उम्र 59 साल निवासी पुराना गल्ला मण्डी बडा बाजार पिछोर को गिरफ्तार किया गया बाद आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई, सउनि दीन दयाल शर्मा, सउनि कमल सिंह बंजारा, सउनि अरविन्द्र सगर, प्र.आर. भूपेन्द्र सिंह तोमर, आर. देशराज गुर्जर, आर. जितेन्द्र सिंह गुर्जर, आर. राघवेन्द्र पाल की सराहनीय भूमिका रही।

# मध्यप्रदेश मीणा समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास रावत ने स्वर्गीय ओमप्रकाश चांदा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की





इंदौर- महू। जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया मध्यप्रदेश मीणा समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास रावत ने स्वर्गीय ओमप्रकाश चांदा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश मीणा समाज अध्यक्ष रामनिवास रावत, एसपी अमृत मीणा, मानसिंह रावत, एडिशनल एसपी महेंद्रसिंह मीणा, सत्यनारायण टीटी, उमरावसिंह धनावत, करणसिंह, भारत मीणा, भागीरथ लोदवाल, रमेश धनावत,सुनील मीणा, हरिओम मीणा, संतोष मीणा, योगेश मीणा, संतोष मीणा, इत्यादि ने पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



# सांसद शंकर लालवानी के प्रयासों से इंदौर को बड़ी सौगात, पीएम ई-बस सेवा के अंतर्गत मिलेगी 150 इलेक्ट्रिक AC बसें

### पूरे देश में सबसे ज्यादा बसें इंदौर को

### इंदौर में सार्वजनिक परिवहन सुगम होगा

### प्रदूषण रोकने के लिए बड़ी पहल

प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत इंदौर को पूरे देश में सबसे ज्यादा बसें मिलने जा रही है। सांसद शंकर लालवानी के प्रयासों से इंदौर को 150 ई-बसें मिलेंगी। शहरों में सार्वजनिक परिवहन को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री आई बस सेवा शुरू की गई थी जिसके अंतर्गत पीपीपी मॉडल पर बसें चलाई जाती है।

सांसद शंकर लालवानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं शहर विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर का धन्यवाद देते हुए कहा कि नई इलेक्ट्रिक बसों से आम नागरिकों को सुविधाएं मिलेंगी और इंदौर को प्रदूषण मुक्त यातायात के साधन मिलेंगे। साथ ही, शहर का कार्बन फुट प्रिंट कम होगा और कार्बन क्रेडिट का फायदा भी मिल पाएगा। सांसद लालवानी इंदौर के लिए अधिक बसों की मांग की थी और इसका फायदा इंदौर को मिला है।

## नगर निगम के 311 एप्प पर कर सकेंगे तेज आवाज में डीजे बजने की शिकायत

रणजीत टाइम्स (संवाददाता)



**इंदौर**। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्र में तय मानक से ज्यादा तेज आवाज में या प्रतिबंधित समय में डीजे बजाने या ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने की शिकायत अब नगर निगम के 311 एप्प पर भी कर सकते हैं। कलेक्टर सिंह ने बताया कि इस एप्प से मिलने वाली शिकायतों पर क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट और पुलिस विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278
आपका रणजीत टाइम्स
जनताकीआवाज

# होटल बनवाने के नाम पर लाखों की ठगी

### आरोपी फरार, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज, आरोपी अजित कुमार श्रीवास्तव बील्डिंग कंस्ट्रक्शन के नाम पर कई लोगों को बनाया शिकार पूर्व में मजदूरों ने भी मजदूरी न मिलने पर कराया था मुकदमा दर्ज बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के नाम पर लाभांश का हिस्सा का लालच दिखाकर करता था लाखों की ठगी



सरोजनीनगर। राजधानी लखनऊ में जहां आय दिन कोई न कोई ठगी का शिकार हो रहा वही लखनऊ पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज रही है । ऐसा ही एक मामला सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों पत्रकार धर्मेन्द्र तिवारी के साथ लाखों की ठगी करके फरार का सामने आया। बीते दिनों में पीड़ित पत्रकार ने दिए गए तहरीर में बताया कि वर्ष 2023 राव अजीत कुमार सिंह पुत्र स्व0पारस नाथ राव निवासी 244 चन्द्रशेखर आजादनगर कालोनी दरोगा खेड़ा लखनऊ होटल पारस आर.इन ग्राम मिरानपुर पिनवट कानपुर हाइवे पर बनवा रहे थे , होटल के बनवाने में पार्टनरशिप अजीत कुमार श्रीवास्तव पुत्र एम. एम श्रीवास्तव 638/021 सुग्गा मऊ मानस ग्रीन तिराहा इंद्रानगर लखनऊ का निवासी है जो पारस आर इन होटल पार्टनरशिप में निर्माण कार्य करा रहा था, तभी दिनांक 05/04/2023 को अजीत कुमार श्रीवास्तव इनकी पत्नी कुसुम श्रीवास्तव और उनका पुत्र सौरभ श्रीवास्तव मेरे घर आये और उक्त होटल के निर्माण में हमे भी साझेदार बनाया। जिसमे आधा आधा लाभांस की बात तय हुई व होटल के इन्टेरियर हेतु पैसे की मांग किया तो विभिन्न तिथियो ने तीनो लोगो ने मेरे साथ धोखा से अपराधिक साजिस करके रुपये 18 लाख नगद व बैंक अकाउंट द्वारा हमसे ठगा। जब होटल का निर्माण हो गया, तब बिना मुझे बताए आपस में अन्य निर्माण कार्यो का हिसाब हो गया और मेरा हिस्सा रुपये 12 लाख कुल साझे कार्य के ऊपर कुल तीस लाख रुपये (3000000) ठग लिया। जब भी इनसे अपना पैसा मांगा तो बहाना देकर महीनों टालते रहे और उल्टा मुझे गालियाँ व जान से मारने व झूठे मुकदमे फसाने की धमकी भी देते रहे। उक्त लोग शातिर किस्म के है जो पहले भी सरोजनीनगर व अन्य थानो मे ठगी के मुकदमे दर्ज है व सैकडो लोगो के साथ ठगी कर फरार है। सरोजनीनगर थाना प्रभारी राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि दिए गए तहरीर अनुसार तीनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच पड़ताल के दौरान यह भी पता चला कि इससे पहले भी बिल्डिन निर्माण के नाम पर ठगी के मुकदमे दर्ज है, और होटल निर्माण के दौरान कई लोग ठगी के शिकार हुए है , और ठगी के शिकार अन्य पीड़ितों ने भी अजित कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ अपने अपने प्रार्थना पत्र स्थानीय पुलिस को दिए है, फिलहाल जांच पड़ताल की जा रही है और तीनों के खिलाफ उचित कानूनी विधिक कार्यवाही की जा रही है।

exit polls के हिसाब से

# दिल्ली में भाजपा सरकार

| कुल 70 सीटें | AAP | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 32-37 | 35-40 | 00-01 |
| पीपुल्स इनसाइट | 25-29 | 40-44 | 00-01 |
| जेवीसी पोल्स | 22-31 | 39-45 | 00-02 |
| डीवी रिसर्च | 26-34 | 36-44 | 00-01 |
| पी मार्क | 21-31 | 39-49 | 00-01 |
| चाणक्य स्ट्रेटिजी | 25-28 | 39-44 | 02-03 |
| पोल डायरी | 18-25 | 42-50 | 00-01 |
| वीप्रिसाइड | 46-52 | 18-23 | 00-01 |
| माइंड बिंक | 44-49 | 21-25 | 00-01 |
| जर्नो मिरर | 45-48 | 18-20 | 00-00 |
| एसएएस | 27-30 | 38-41 | 00-01 |

## वोटिंग के बाद क्या कहता है सट्टा बाजार

रणजीत टाइम्स

भाजपा 35-37


आप 33-35



अब जबकि दिल्ली विधानसभा के चुनावों के लिए मतदान बुधवार को सम्पन्न हो गया तो सट्टेबाजों ने अपने दांव जो अंतिम रूप से खेले हैं, उनमें भारतीय जनता पार्टी को 35-37 सीटें मिली हैं। वहीं आम आदमी पार्टी को 33-35 सीटें मिलने की भविष्यवाणी सट्टेबाजों ने की है। दोनों पार्टियों में कांटे की टक्कर बताई जा रही है। कांग्रेस के हाथ इस बार भी सट्टेबाजों ने खाली रहने की बात कही है। सभी पार्टियों ने अपनी-अपनी रणनीति अपने हिसाब से बनाई थी। सत्ता के लिए पार्टियों ने अलग-अलग ढंग से मुद्दे उठाए और आरोप-प्रत्यारोप भी लगे। हालांकि ऊंट किस करवट बैठेगा इसका जवाब 8 फरवरी को उस दिन मिलेगा जब मतगणना होगी। सब अपने-अपने ढंग से अपना दम-खम परख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 70 सीटें हैं और वर्तमान में आम आदमी पार्टी की सरकार है। पार्टियों ने पिछले 15 दिन तक पूरी ताकत लगाई और चुनावी रैलियों के माध्यम से वोटरों तक पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

**दिल्ली की अलग-अलग सीटों पर सट्टेबाजों के रेट...**

रणजीत टाइम्स



Your Exclusive Summer Haven in Our

Farm Houses!